चीन-भारत सीमा पर तनाव बरकरार

पेज-13

बंगाल बर्बाद करने का प्रयास कर रही भाजपा : राहुल गांधी

पेज-9

भारतीय राजनीति की संवेदनशून्यता, उसके नायकों की प्रभुता मद में चूर बेहयाई व उसके खूंटबंध समर्थकों की अतार्किक व्यक्तिपूजा मुझे हर बार चौंका देती है।
–डा. कुमार विश्वास@DrKumarVishwas

दिल्ली का सामना आज राजस्थान से

पेज-14

www.facebook.com\rashtriyasahara https://twitter.com/SaharaRashtriya www..rashtriyasahara.com

सेलेब्रिटी होने के नाते हम बदलाव ला सकते हैं

पेज-16

राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण

■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना
■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

नई दिल्ली
बृहस्पतिवार ● 15 अप्रैल ● 2021
16 पृष्ठ, मूल्य ` 4.00

सर्राफा	दिल्ली सोना (बाजार बंद)	चांदी (बाजार बंद)	शेयर	सेंसेक्स (बाजार बंद)	निफ्टी (बाजार बंद)	विनिमय दर `/$ (बाजार बंद)	मौसम (दिल्ली)	तापमान अधिकतम 40°	न्यूनतम 23°

संक्षिप्त खबरें

मस्जिद में नमाज पर अदालत ने लगाई रोक

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने मुंबई की एक मस्जिद में सामूहिक रूप से नमाज अदा करने की अनुमति देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि कोविड-19 के चलते 'गंभीर' हालात पैदा हो गए हैं और लोगों की सुरक्षा अधिक महत्वपूर्ण है। न्यायमूर्ति आर डी धनुका और न्यायमूर्ति वी जी बिष्ट की अवकाश पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण के चक्र को तोड़ने के लिये पाबंदियां लगाने की जरूरत महसूस की है। अदालत ने कहा, 'धार्मिक रीतिरिवाजों को मनाना या उनका पालन करना महत्वपूर्ण है, लेकिन सबसे अधिक महत्वपूर्ण लोक व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा है।' पीठ ने जुमा मस्जिद ट्रस्ट की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणियां कीं।

पूर्व चुनाव आयुक्त जीवीजी कृष्णमूर्ति का निधन

नई दिल्ली। पूर्व निर्वाचन आयुक्त

जीवीजी कृष्णमूर्ति का उम्र संबंधी बीमारियों के चलते यहां बुधवार को निधन हो गया। उनके परिवार द्वारा निर्वाचन आयोग को दिए गए विवरण के अनुसार, 86 वर्षीय कृष्णमूर्ति ने पूर्वाह्न 10 बजे अंतिम सांस ली। भारतीय विधिक सेवा अधिकारी कृष्णमूर्ति अक्टूबर 1993 में निर्वाचन आयुक्त बने थे। लोधी रोड स्थित शवदाह गृह में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

कांग्रेस ने लांच किया डिजिटल चैनल

नई दिल्ली। कांग्रेस ने बुधवार को अपने डिजिटल चैनल 'आईएनसी टीवी' की शुरुआत की जिस पर कार्यक्रमों का औपचारिक रूप से प्रसारण 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर आरंभ होगा। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला और कुछ अन्य नेताओं की मौजूदगी में इस चैनल की शुरुआत की गई। सुरजेवाला ने कहा, आज बाबा साहेब की जन्म जयंती भारत के संविधान और संवैधानिक अधिकारों का उत्सव है।

CBSE परीक्षाएं

10वीं की रद्द, 12वीं की स्थगित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुई बैठक में लिया गया फैसला

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

केंद्र सरकार ने देश भर में कोविड-19 महामारी के बढ़ते मामलों के मद्देनजर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं की परीक्षा रद्द कर दी है जबकि 12वीं की परीक्षा स्थगित करने का फैसला किया है। दोनों परीक्षाएं चार मई से 14 जून के बीच होना प्रस्तावित थी। देश के कई राज्यों में कोविड-19 महामारी के मामले बढ़ रहे है। इनमें से कुछ राज्य अधिक प्रभावित हैं। 11 राज्यों में स्कूल बंद कर दिए गए है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बुधवार को हुई एक बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, केंद्रीय शिक्षा सचिव, प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव तथा अन्य शीर्ष अधिकारियों ने शिरकत की। बैठक के बाद शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर परीक्षाओं के संबंध में लिए गए निर्णयों की जानकारी साझा की। बैठक में प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि छात्रों का स्वास्थ्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार छात्रों के सर्वोच्च हित का ध्यान रखेगी और सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी कि उनके स्वास्थ्य के साथ ही उनके शिक्षा सत्र का भी नुकसान ना हो। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित कई नेताओं ने कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते खतरों के मद्देनजर सीबीएसई परीक्षाओं को रद्द करने की मांग की थी।

12वीं के छात्रों का क्या होगा

महामारी की वर्तमान स्थिति, स्कूलों के बंद होने और छात्रों की सुरक्षा के मद्देनजर कक्षा 12वीं की परीक्षा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। सीबीएसई बोर्ड एक जून को कोविड महामारी की स्थिति की समीक्षा करेगा और उसके बाद परीक्षा की तारीखों के संबंध में फैसला लेगा। परीक्षा की शुरुआत से कम से कम 15 दिन पहले छात्रों को इसकी सूचना दी जाएगी। 12वीं में कुल 14.30 लाख छात्र हैं।

10वीं के परीक्षार्थियों का क्या होगा

10वीं की परीक्षा रद्द कर दी गई हैं। इसके परिणाम बोर्ड द्वारा तैयार किए गए एक मानदंड के आधार पर तैयार किए जाएंगे। यदि कोई छात्र उसे मिले अंकों से संतुष्ट नहीं होता है तो उसे परीक्षा में बैठने का एक मौका दिया जाएगा लेकिन यह तभी होगा जब परिस्थितियां परीक्षा के आयोजन के अनुकूल होंगी। 10वीं में कुल 21.50 लाख छात्र हैं।

छात्रों, अभिभावकों को बड़ी राहत मिलेगी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे छात्रों और उनके अभिभावकों को बड़ी राहत मिलेगी। केजरीवाल ने ट्वीट किया, मुझे खुशी है कि परीक्षाएं रद्द/स्थगित कर दी गईं। यह लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए एक बड़ी राहत है।

प्रियंका वाड्रा ने खुशी जताई

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सीबीएसई की 10वीं कक्षा की परीक्षा रद्द करने के केंद्र के फैसले पर खुशी जताई है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि 12वीं कक्षा की परीक्षा के बारे में भी कोई अंतिम निर्णय लिया जाए। उन्होंने ट्वीट किया, खुशी हुई कि आखिरकार सरकार ने 10वीं कक्षा की परीक्षा को रद्द करने का फैसला किया। बहरहाल, 12वीं कक्षा की परीक्षा के बारे में भी अंतिम निर्णय लेना चाहिए। जून तक छात्रों को बेवजह के दबाव में रखने का कोई मतलब नहीं है। यह अनुचित है। सरकार से आग्रह करती हूं कि अभी फैसला किया जाए।

मप्र में भी बोर्ड परीक्षाएं एक माह तक स्थगित

■ कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में मप्र में अप्रैल माह में अब तक 58,121 मामले दर्ज किए गए हैं

■ भोपाल (भाषा)।

मध्यप्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 30 अप्रैल से शुरु होने वाली अपनी हाई स्कूल (10 वीं) और हायर सेकंडरी स्कूल (12वीं) की परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है।

शिक्षा मंडल के एक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि 30 अप्रैल और एक मई से शुरु होने वाली 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं को एक महीने के लिए टाल दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के कारण छात्रों की सुरक्षा के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है।

अधिकारी ने बताया कि ये परीक्षाएं अब जून के पहले सप्ताह से आयोजित की जा सकती हैं तथा शिक्षा मंडल इस संबंध में संशोधित नया कार्यक्रम जारी करेगा। स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के अनुसार मध्यप्रदेश में मंगलवार को अब तक एक दिन में सबसे अधिक 8,998 नए मामले दर्ज किये गए। इसके साथ ही प्रदेश में अब तक इस महामारी के मरीजों की संख्या बढ़कर 3,53,632 तक पहुंच गई है। मध्यप्रदेश में इस महामारी से अब तक 4,261 लोगों अपनी जान गंवा चुके हैं। इनमें से 40 लोगों की मौत पिछले 24 घंटों में हुई है। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में मध्यप्रदेश में अप्रैल माह में अब तक 58,121 मामले दर्ज किए गए हैं जबकि इस अवधि में 275 लोग दम तोड़ चुके हैं।

यूपी में नहीं होगा लॉकडाउन

लखनऊ (वार्ता)। कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते प्रसार के बाद भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में लॉकडाउन से साफ इनकार कर दिया। इसके साथ ही कई अटकलों पर विराम लग गया। योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यहां कहा कि उत्तर प्रदेश में फिलहाल अभी लॉकडाउन नहीं होगा। सरकार का प्रयास लोगों के जीवन के साथ उनकी आजीविका का भी है।

■ सीएम योगी आदित्यनाथ ने लगाया अटकलों पर विराम

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर पहले भी अपेक्षा भले ही थोड़ी तेज है लेकिन अभी हम उत्तर प्रदेश में लॉकडाउन की ओर नहीं जा रहे हैं। अभी प्रदेश में उन सभी शहरों में नाइट कर्फ्यू लगाया है जहां पर 500 या अधिक एक्टिव केस हैं। ऐसे में लॉकडाउन की तरफ जाने की आवश्यकता भी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन को भी बचाना है और उनकी जीविका को भी बचाना है।

एक दिन में रिकॉर्ड 1.94 लाख केस, 972 की मौत

नई दिल्ली (एसएनबी)। कोरोना महामारी हर रोज नए रिकॉर्ड बना रही है। वर्ल्डोमीटर के रात्रि साढ़े 11 बजे तक जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में बुधवार को 24 घंटे के दौरान 1 लाख 94 हजार 301 नए संक्रमित सामने आए और 972 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हालात चिंताजनक बन रहे हैं, क्योंकि पिछले 24 घंटों के दौरान यहां 17282 नए केस सामने आए और 104 लोगों की जान चली गई। महाराष्ट्र में भी हालात खतरनाक बने हुए हैं। यहां 24 घंटे में 58952 नए संक्रमित मिले और 278 मरीजों को जान गंवानी पड़ी। उत्तर प्रदेश में 20439 नए केस और 67 की मौत, छत्तीसगढ़ में 12603 नए मामले, 90 की मौत और गुजरात में 7410 नए मामले तथा 73 लोगों को जान गंवानी पड़ी।

■ दिल्ली में 24 घंटे में 17 हजार से ज्यादा मामले, 100 से ज्यादा की मौत

चपेट में आए योगी, अखिलेश समेत कई नेता

नई दिल्ली (एजेंसियां)। कोरोना के बढ़ते कहर के बीच उत्तर प्रदेश के मुखयमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, उप्र के नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन, दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत और द्रमुक के वरिष्ठ सांसद टीआर बालू इसकी चपेट में आ गए हैं। इन सभी नेताओं ने ट्वीट करके संक्रमण की पुष्टि की है।

ये नेता दे चुके हैं मात

इससे पहले, दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पर्यावरण मंत्री गोपाल राय और स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए थे। ये दिग्गज हस्तियां महामारी को मात देकर स्वस्थ हो चुकी हैं।

योगी आदित्यनाथ

अखिलेश यादव

आशुतोष टंडन

कैलाश गहलोत

टीआर बालू

कोरोना पर कांग्रेस की बैठक 17 को

नई दिल्ली (एसएनबी)। कांग्रेस ने देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में तेज वृद्धि के बीच मौजूदा हालात पर चर्चा के लिए 17 अप्रैल को अपनी शीर्ष नीति निर्धारक इकाई कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक बुलाई है।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की अगुवाई में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से यह बैठक होगी। इसमें पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सीडब्ल्यूसी के दूसरे सदस्य शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में कोरोना महामारी और इस स्थिति से निपटने लिए उठाए जाने वाले जरूरी कदमों को लेकर चर्चा होगी। इसमें सरकार से जरूरी कदम उठाने की मांग को लेकर प्रस्ताव भी पारित किया जा सकता है। कांग्रेस कोरोना महामारी की स्थिति से निपटने के सरकार के तौरतरीकों को लेकर उसकी आलोचना करती रही है।

अंदर के पन्नों पर

भाजपा की वजह से बढ़ा कोरोना : ममता ■ पेज-9

भारत एस-400 मिसाइल सौदे को लेकर प्रतिबद्ध ■ पेज-13

संपादकीय
10 मजबूत होना आवश्यक

मार्केट
15 टीका बनाने वाली कंपनियों ने मांगी मदद

मुट्ठी में दुनिया
16 माइग्रेन से ऐसे पाएं मुक्ति



कूच बिहार हिंसा के दोषियों को सजा दिलाएंगे

माथाभांगा (भाषा)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनाव के चौथे चरण के दौरान सीआईएसएफ की गोलीबारी में मारे गए लोगों के परिवारों से

बुधवार को मुलाकात की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इसके लिए जिम्मेदार रहे लोगों को सजा दिलाई जाएगी। ममता ने इस बात पर खेद जताया कि कूच बिहार में नेताओं के प्रवेश पर लगाए गए 72 घंटों के प्रतिबंध के चलते वह मृतकों के परिजनों से पहले नहीं मिल पाई।

CBI ने देशमुख से आठ घंटे पूछताछ की

मुंबई (भाषा)। बंबई हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के संदर्भ में प्रारंभिक जांच के तहत बुधवार को उनसे आठ घंटे पूछताछ की। देशमुख के खिलाफ मुंबई पुलिस के पूर्व प्रमुख परमबीर सिंह ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।

■ देशमुख ने आरोपों से किया इनकार, कहा- राज्य सरकार की छवि खराब करने की हो रही कोशिश

देशमुख ने पूछताछ के दौरान सिंह द्वारा उन पर लगाए गए आरोपों से इनकार किया और अधिकारियों से कहा कि यह राज्य सरकार की छवि खराब करने की कोशिश है। राकांपा के वरिष्ठ नेता सुबह 10 बजे सांताक्रूज स्थित डीआरडीओ के अतिथिगृह पहुंचे और उनसे पूछताछ शाम करीब छह बजे समाप्त हुई। सीबीआई की टीम फिलहाल सांताक्रूज स्थित डीआरडीओ के अतिथि गृह में ठहरी हुई है।

'एसपी रैंक के अधिकारियों ने पूर्व गृह मंत्री से आठ घंटे तक पूछताछ की।' उन्होंने बताया कि पूछताछ हालांकि शाम छह बजे समाप्त हो गई है लेकिन देशमुख अभी भी अतिथि गृह के भीतर ही हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सीबीआई ने देशमुख को पूछताछ के लिए बृहस्पतिवार को भी बुलाया है या नहीं।

राकेश टिकैत को जान से मारने की मिली धमकी

लखनऊ (वार्ता)। तीनों कृषि कानूनों के विरोध में चल रहे आंदोलन का नेतृत्व करने वाले भाकियू के नेता राकेश टिकैत को एक युवक ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी है। भाकियू के एक सदस्य ने थाने में शिकायत दर्ज दी गई है। लोनी निवासी विपिन कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब एक माह से भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत को एक मोबाइल नंबर से कॉल आ रही है।

भारत विश्वसनीय सहयोगी, पाकिस्तान के साथ सीमित सहयोग : रूस

■ नई दिल्ली (भाषा)।

■ पश्चिमी देशों की हिन्द-प्रशांत रणनीति की आलोचना की

भारत को एक विश्वसनीय सहयोगी करार देते हुए रूस ने बुधवार को कहा कि दोनों देशों के बीच कोई मत भिन्नता या गलतफहमी नहीं है और स्वतंत्र संबंधों के आधार पर उसका पाकिस्तान के साथ सीमित सहयोग है।

रूसी मिशन के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने हाल ही में भारत और पाकिस्तान की नियंत्रण रेखा पर 2003 के संघर्ष विराम समझौते का सख्ती से पालन करने की प्रतिबद्धता का स्वागत किया और कहा कि यह क्षेत्रीय स्थिरता के लिए बेहद महत्वपूर्ण कदम है। बाबुश्किन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में रूसी राजदूत निकोलाई कुदाशेव ने पश्चिमी देशों की हिन्द-प्रशांत रणनीति की आलोचना करते हुए इसे खतरनाक और शीत युद्ध की मानसिकता को उभारने का प्रयास बताया। वहीं, बाबुश्किन ने कहा कि अफगानिस्तान के मुद्दे पर क्षेत्रीय आम सहमति बनाने की प्रक्रिया में भारत का हिस्सा होना चाहिए तथा अफगान शांति प्रक्रिया को लेकर नई दिल्ली और मास्को का रुख समान है।

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की भारत यात्रा और उसके बाद उनके इस्लामाबाद दौरे को लेकर बनी धारणा के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में बाबुश्किन ने कहा कि रूस के पाकिस्तान के साथ स्वतंत्र संबंध हैं और यह किसी के साथ रिश्तों को किसी और के खिलाफ लक्षित नहीं करता है। उन्होंने कहा, हम मानते हैं कि यह देखने का कोई कारण नहीं है कि हमारे बीच किसी तरह की भिन्नता या गलतफहमी है। भारत-रूस संबंधों में ऐसी कोई बात नहीं है। दूसरी ओर, कुदाशेव ने कहा कि भारत, रूस का विश्वसनीय सहयोगी है और दोनों देशों के बीच संबंध समान, समग्र, सद्भावनापूर्ण, ठोस और भविष्योन्मुखी हैं ।

ग्रेनो ने हॉस्टल के नाम पर दी होटल निर्माण की मंजूरी

■ सुबोध जैन
नई दिल्ली। एसएनबी

■ शैक्षणिक संस्थान बना नहीं हॉस्टल का नक्शा कर दिया पास
■ स्वामित्व जांचे बिना महज 20 दिन के भीतर दे दी स्वीकृति
■ नक्शा पास कर तबादला करा लिया वास्तुकार वैभव गुप्ता ने

घोटालों की खुलती दास्तान के बावजूद ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी आंख बंद करके बैठी है। अधिकारी इस सवाल पर बोलने को तैयार नहीं है कि फर्जी तरीके से कंपनी को आवंटित शैक्षणिक भूखंड में हॉस्टल के नाम पर होटल का नक्शा कैसे स्वीकृत कर दिया? जबकि इस भूखंड पर शैक्षणिक संस्थान का निर्माण आज तक भी नहीं हुआ है।

देश के संविधान में शिक्षा को सेवा कार्य घोषित किया गया है। लिहाजा किसी भी राज्य में किसी कंपनी या व्यवसायी को शैक्षणिक संस्थान चलाने की अनुमति नहीं दी जाती और न ही इस कार्य के लिए किसी व्यक्ति या कंपनी को रियायती दर पर भूमि का आवंटन किया जा सकता है। लेकिन ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के भ्रष्ट अफसरों ने अप्रैल 2002 में अपने चहेते ठेकेदार अनिल गर्ग को शैक्षणिक संस्थान के नाम पर नॉलेज पार्क-वन में भूखंड 6020 मीटर का संख्या 1ए/4 आवंटित कर दिया। जिसे बाद में उसकी कंपनी के नाम स्थानांतरित भी कर दिया।

गर्ग ने 2010 में कंपनी रजिस्ट्रार कार्यालय में शपथपत्र देकर कहा कि उसकी कंपनी ने आज तक कोई व्यवसाय नहीं किया है और न ही उसके पास कोई संपत्ति ही है। लिहाजा कंपनी को भांग कर दिया जाए। रजिस्ट्रार ने जनवरी 2011 में उसकी कंपनी भंग कर दी। बावजूद इसके अथॉरिटी ने आवंटित भूखंड जब्त नहीं किया।

सूत्रों का कहना है कि ठेकेदार ने भूखंड की राशि का भुगतान करने के लिए हवाला का सहारा लिया था। यही कारण है कि प्रवर्तन निदेशालय ने इसकी जांच भी शुरू की थी। लेकिन 2009 में तत्कालीन चेयरमैन ने भी अपनी आंखें बंद कर ली और अथॉरिटी की मैनेजर ने फर्जी रिपोर्ट लगाकर मामला बंद कर दिया।

इससे भी ज्यादा हैरानी की बात है कि अक्टूबर 2020 में भूखंड पर मालिकाना हक जताने वाले दिल्ली के जैन बंधुओं की पहल पर महज 20 दिन में भूखंड पर पीजी होस्टल का नक्शा भी स्वीकृत कर दिया गया। जबकि यहां शैक्षणिक संस्थान आज तक नहीं बना है। स्वीकृत लेआउट प्लान में शैक्षणिक संस्थान के लिए निर्धारित मापदंडों के बजाए होटल के कमरों का निर्माण हो रहा है। इसके बाद तत्कालीन वास्तुकार ने अपना स्थानांतरण नोएडा अथॉरिटी में करा लिया है। फिलहाल तत्कालीन अथॉरिटी मैनेजर और वास्तुकार दोनों ही इस मामले में लगे आरोपों पर कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।

उधर अथॉरिटी के सीईओ नरेंद्र भूषण कहते है कि दो दशक पहले इस तरह के घोटालों का होना आम बात थी। इतने समय बाद उसकी जांच कैसे संभव है। लेकिन उनके कार्यकाल में महज छह माह पहले बिना मानदंडों की जांच किए हॉस्टल का लेआउट प्लान कैसे स्वीकृत हो गया? वह इस सवाल का कोई जवाब नहीं देते।